लापरवाही एक पल की लापरवाही और काल के गाल में समा जाता है मुसाफिर

एक साल में 70 ने जान गंवाई , 32 की नहीं हो सकी पहचान

धनंजय श्रीवास्तव

जबलपुर, नवभारत। एक पल की लापरवाही और जिंदगी समाप्त! हर साल रेल से मजाक करने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। इसमें युवा, बुजुर्ग सभी शामिल है। मुसाफिरों की जरा सी लापरवाही जिंदगी छीन लेती है और बसा बसाया घर पल भर में उजड़ जाता है। बात करे अगर साल 2025 के जनवरी से लेकर 2026 तक तो करीबन 360 दिनों में जबलपुर रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले लगभग 70 से 72 मुसाफिर असमय काल के गाल में समा गए इनमें कोई ट्रेन से गिरा तो कोई पटरियों पर मृत पाया गया। घरों की खुशियां पल भर में मातम में बदल जाती हैं। जब बात सफर की हो तो बड़ी सतर्कता बरतनी होती है। ट्रेन में सफर के दौरान धक्का लगने, गेट के पास बैठने एवं पटरियों पर गिरने से आए दिन मौत हो रही है। बहुतों ने ट्रेन से कटकर जान भी दे दी। इन 70 मृतकों में से 38 की शिनाख्ती हो गई, बाकी 32 की पहचान ही नहीं हो पाई कि वो कौन थे। ऐसे मृतकों के परिजनों की तलाश जीआरपी नहीं कर पाई

है। हालांकि जीआरपी द्वारा ऐसे लोगों को ई रक्षक पोर्टल पर अपलोड कर एवं अन्य प्रयास तो खूब किए गए थे। लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी थी।

पलक झपकते बन जाता है अंतिम सफर

ट्रेनों में हर दिन लाखों लोग अपने-अपने सफर की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। बीते एक साल के अंदर 70 से 72 यात्रियों के लिए यही स्टेशन उनका अंतिम पड़ाव बन गया। कोई तेज रफ्तार ट्रेन से गिरा, कोई जल्दबाजी में पटरी पार करते समय फिसल गया और कुछ लोग ठसाठस भीड़ में धक्का-मुक्की की वजह से अपनी जान गंवा बैठे। सबसे कष्टदायक यह कि कई लोगों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी और रेलवे स्टाफ ने पूरी कोशिश की। लाशों के पास मिले छोटे-छोटे सामान, कपड़े, टिकट, मोबाइलों की तरह हर चीज से पहचान ढूंढने की कोशिश जारी है। ये मौत के वो किस्से हैं, जिसे पढ़कर हर मुसाफिर को अपनी और अपनों की सुरक्षा पर विचार करना पड़ेगा, क्योंकि मृत्यु के बाद शवों की स्थिति ऐसी हो जाती है कि उनकी शिनाख्त करना मुश्किल हो जाता है।

फैक्ट फाइल

- जोखिम जो बनते हैं जानलेवा
- जल्दी के चक्कर में पटरी पार कर प्लेटफार्म में आना
- चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना
- भीड़ में धक्का देकर आगे निकलने की कोशिश
- सेल्फी लेते समय पटरियों के पास खड़े होना
- ट्रेन के गेट खुलते ही निकल पड़ना

चुनौतियां भी कम नहीं

- रेल दुर्घटनाओं में अक्सर यात्रियों के पहचान-पत्र जैसे कि आईडी कार्ड, मोबाइल फोन और पर्स आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे उनकी पहचान करना और भी मुश्किल हो जाता है।
- दुर्घटना के कारण शव पहचानने लायक स्थिति में नहीं होते, जिससे डीएनए जांच या अन्य तरीकों से पहचान करना आवश्यक हो जाता है।
- कुछ यात्री बिना टिकट यात्रा कर रहे होते हैं, जिनके पास कोई आधिकारिक पहचान नहीं होती है। ऐसे में दुर्घटना होने पर उनकी पहचान लगभग असंभव हो जाती है।
- कुछ मामलों में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन में यात्रियों की संख्या बहुत अधिक हो सकती है और घटनास्थल पर भारी भीड़ और अराजकता के कारण पहचान की प्रक्रिया बाधित हो सकती है

संभालकर रखें जाते हैं दस्तावेज

सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसे भी मृतक होते हैं, जिनके परिजन तक यहां नहीं पहुंच पाते, सफर के दौरान हुई घटना मुसाफिरों के लिए अंतिम पड़ाव बन जाती है। इन अज्ञात मृतकों के कपड़े, दस्तावेज सहित उनकी निशानियां पुलिस जरूर सहेजकर रखती हैं, ताकि भविष्य में कोई उन्हें खोजता हुआ आए तो कम से कम इन चीजों से पहचान हो सके। मौत सामने देख चारों ओर फैली बेचैनी के बीच अपनों को तलाशते लोगों की सिसकियां किसी का भी दिल दहला देती हैं। ट्रेन और पटरी मजाक नहीं हैं। एक क्षण की जल्दबाजी किसी का पूरा जीवन बदल सकती है।

इनका कहना है

रेल सफर के दौरान हर यात्री को सजग रहना चाहिए, रेल से कभी भी खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। हमेशा रेल नियमों का पालन करना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे पीछे हमारा परिवार इंतजार कर रहा है।

संजीवनी राजपूत
थाना प्रभारी, जीआरपी

चैक बाउंस के आरोपी व्यापारी को छह माह का सश्रम कारावास

जबलपुर। जिला अदालत ने चैक बाउंस के आरोपी कपड़ा व्यवसायी सागर निवासी विक्की जैन को दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डॉ. गौरव गर्ग की अदालत ने आरोपी विक्की जैन को छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी को एक माह के चैक की राशि नौ फीसदी ब्याज के साथ कुल 43 हजार रुपये का भुगतान किये जाने का आदेश दिया है। यह परिवाद जवाहरगंज बड़ा फुहारा निवासी 52 वर्षीय प्रभात जैन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सृजन जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि परिवादी प्रभात जैन व आरोपी विक्की जैन प्रोपराईटर मोगली गारमेंट्स गुजराती बाजार सागर के बीच व्यापारिक संबंध थे। अनावेदक विक्की जैन ने परिवादी से 52 हजार 5 सौ रुपये की सफे द शर्ट का माल क्रय किया था। जिसके एवज में अनावेदक ने कुछ राशि नगद 25 हजार का चैक 12 नवंबर 2019 को बंधन बैंक सागर का दिया था। परिवादी की ओर से चैक बैंक में पेश करने पर राशि न होने के कारण चैक अनादरित हो गया था।

दो नाबालिग बहनों का अपहरण छानबीन में जुटी बरगी पुलिस

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत खापा में नाना के यहां घूमने पहुंची दो नाबालिग बहनों का का संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण कर लिया है। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन जब उनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण कर प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक खापा निवासी बुजुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी की शादी देवरी में हुई है। दो नातिन है एक 15 वर्षीय तो दूसरी 8 वर्ष की है। दोनों नातिन घूमने आई थी और रूक गई थी जो खापा से अपने माता पिता के घर जाने के लिये बोलकर निकली थी लेकिन देवरी खुलरी नहीं पहुंची। बीती रात तक घर देवरी नहीं पहुंची तो रिश्तेदार एवं परिचित लोगों के यहां संपर्क किया लेकिन पता नहीं चला। बच्चियों के माता पिता ने भी आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारों से पतासाजी की लेकिन दोनों नातिनों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। अज्ञात पर अपहरण की आशंका जाहिर की। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि 15 और 8 वर्षीय बहने लापता हुई है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

चरगवां से भी किशोरी हुई लापता

चरगवां थाना अंतर्गत सालीवाड़ा क्षेत्र से भी एक किशोरी लापता हुई है। पुलिस के मुताबिक 39 वर्ष युवक निवासी सालीवाडा चरगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे सिक्योरटी गार्ड है। पत्नी एक फैक्ट्री में काम करती है। बडी लडकी की शादी हो गई है लडका जबलपुर में रहकर पढाई करता है। मझली लडकी 16 वर्ष साथ में रहती है। शाम करीब 7 बजे पत्नी काम पर चली गई थी। रात्रि आठ बजे देखा तो बेटी कमरे में नहीं थी। अज्ञात बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

मृत्युपूर्व बयान प्रस्तुत नहीं करना अभियोजन की बौद्धिक बेईमानी

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की तरफ से दायर उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें पत्नी की जलने से हुई मौत के बाद गैर-इरादतन हत्या और दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी पति को ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषमुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस राम कुमार चौबे की युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि रिकॉर्ड देखने के बाद हम निराश हैं कि अभियोजना कितना बौद्धिक बेईमान हो सकता है।पन्ना निवासी कविता विश्वास को जलने के कारण 30 मई 2020 को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उसने अपने मृत्यु बयान में कहा गया उस पर गर्म चाय गिर गयी थी। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। महिला की उपचार के दौरान 26 जून 2020 को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पति प्रकाष विष्वास के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और दहेज उत्पीड़न प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेष किया था। न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया था। युगलपीठ ने प्रकरण की सुनवाई के दौरान पाया कि महिला के मृत्युपूर्व वयान नायब तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी ने दर्ज किये थे। अभियोजन ने नायब तहसीलदार दर्ज किये गये मृत्युपूर्व पेष नहीं कर बौद्धिक बेईमानी की। अभियोजन एक राज्य है और उसे जांच के दौरान इकट्ठा किए गए सभी सबूत पेश में पूरी तरह साफ होना चाहिए था। जिससे न्यायालय अपने नतीजे तक पहुंच सके।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि महिला के बयान उसके माता-पिता और भाई की मौजूदगी में दर्ज किये गये थे।

सीईओ ने योजना व टीडीएस का किया औचक निरीक्षण

जेडीए योजनाओं में अधोसंरचना विकास को मिली रफ्तार

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की योजना क्रमांक 64 एवं 65 तथा टीडीएस-02 में चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों का सीईओ जेडीए दीपक वैद्य ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया, जो संतोषजनक पाई गई। सीईओ ने निर्माण कार्यों में गति लाते हुए फरवरी 2026 तक सभी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान

में प्रस्तावित 48 मीटर चौड़ी एवं 2.50 किलोमीटर लंबी एसआर-3 सड़क लगभग पूर्णता की ओर है। सड़क के पूर्ण होने से एआरपी-4 व एसआर-3 की सीधी कनेक्टिविटी नागपुर-कटनी बायपास से हो सकेगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी की बचत, ईंधन संरक्षण और यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी। साथ ही पाटन बायपास पर यातायात दबाव भी कम होगा। निरीक्षण के दौरान सिविल एवं विद्युतीकरण कार्यों, मौके पर स्थापित टेस्ट लैब व रिपोर्ट्स का भी गहन अवलोकन किया गया। सीईओ ने गुणवत्ता के साथ समानुपातिक प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेडीए के स्थल यंत्री, ठेकेदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कॉलेज छात्रा पर झपट्टा मारकर लूट

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत आईटीआई के पास बाइक सवार लुटेरे ने कॉलेज छात्रा पर झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने बताया कि गार्गी गुप्ता 20 वर्ष निवासी आईटीआई के सामने पुरानी बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बी.टेक की पढ़ाई ग्लोबल कॉलेज से कर रही है। घर से पैदल आईटीआई मुख्य मार्ग तरफ अपने निजी कार्य से जा रही थी इसी बीच उसकी सहेली पलक का कॉल उसके मोबाइल पर आया तो वह चलते चलते हुये पलक से मोबाइल पर बात कर रही थी तभी पीछे से मोटर सायकल में सवार लड़के ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल झपट लिया और मोटर सायकल से मुख्य मार्ग तरफ भाग गया। मोटर सायकल में पीछे नम्बर नहीं लिखा था।

दो चोरों को रहवासियों ने दबोचा

विजय नगर थाना अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी में बीती रात हथियारों से लैस होकर चोरी करने के इरादे से घुसे दो चोरों को कॉलोनीवासियों ने दबोच लिया। जबकि एक भागने में सफल हो गया। पकड़े गए चोरों की पहले जमकर धुनाई की गई इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है। जिसमें ने खुलासे होने की उम्मीद है।

ब्रिज निर्माण की सामग्री ले गए चोर

जबलपुर। तिलवारा थाना क्षेत्र में ब्रिज निर्माण कार्य की सामग्री चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रामप्रकाश केवट 36 वर्ष तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ब्रिज निर्माण में मिस्त्री का काम करता है वर्तमान में अक्षरधाम अलाईट कम्पनी के द्वारा जबलपुर में मेडिकल से तिलवारा रोड़ पर शाहनाला में कराये जा रहे ब्रिज निर्माण के काम कर रहा है। शाम लगभग 6 बजे काम खत्म करके वह एवं मजदूर कंटेनर में चले गये थे सेंटिंग काम में उपयोग आने वाली 10 लोहे की प्लेट बजनी लगभग 400 किलो ब्रिज के राफ्ट पर रख दिये थे सुबह प्लेटों की जरूरत पड़ने पर राफ्ट पर जाकर देखा वहां तो रखी 10 लोहे की सेंटिंग वाली प्लेट, कटर मशीन नहीं थी।

9 फरार आरोपी हुए ईनामी

जबलपुर। शहपुरा थाने में दर्ज दहेज हत्या, चोरी समेत अन्य अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे नौ आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है । जानकारी के मुताबिक दहेज हत्या के प्रकरण में फरार माधुरी पटेल पति स्व. राधेलाल पटेल 55 वर्ष, रोहित पटेल पिता स्व. राधेलाल पटेल 22 वर्ष, अभिनव पटैल पिता स्व. राजकुमार पटेल 26 वर्ष, आदर्श पटेल पिता स्व. राधेलाल पटेल 22 वर्ष, निखिल पटेल पिता स्व. राजकुमार पटेल 23 वर्ष सभी निवासी ग्राम पौड़ी शहपुरा की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रूपए एवं चोरी के मामले में फरार अनूप उर्फ गुल्ला सराठे पिता रम्मू सराठे 24 वर्ष 2- निवेश उर्फनिब्बू केवट पिता मुकेश केवट 24 वर्ष दोनों निवासी नरसिंहपुर पर तीन-तीन हजार समेत एक मारपीट व अन्य धाराओं के तहत दर्ज प्रकरण में फरार विक्की उर्फ तिलक पिता डाल सिंह लोधी 21 वर्ष, सागर पिता डाल सिंह लोधी 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम घुंसौर शहपुरा पर तीन-तीन हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

रंगदारी न देने पर पंच से किया वार

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत रेल्वे स्टेशन के बाहर रंगदारी नहीं देने पर स्टेंड संचालक पर बदमाश ने पंच से हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी। पुलिस के मुताबिक शक्ति सोनकर 41 वर्ष निवासी रामपुर छापर थाना गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मदनमहल रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 4 के बाहर वाहन स्टेण्ड चलाता है। रात लगभग 1-10 बजे वह स्टेण्ड में बैठा तभी शुभम ठाकुर एवं साहिल ठाकुर अपने 2 साथियों के साथ स्टेण्ड आकर उससे जबरदस्ती एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो शुभम ने लोहे के पंच से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुँचा दी।

सुसाइड केस में झूठी गवाही नहीं दी तो दंपत्ति पर किया हमला

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत हाईवे तिराहा में सुसाइड केस में झूठी गवाही न देने पर महिला ने पति-पत्नी के साथ मारपीट करते हुए लाठी से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जयकुमार चौधरी निवासी हाईवे तिराहा गोसलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के बाजू में रहने वाली कली बाई चौधरी के पुत्र ने कुछ दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। कली बाई उसे बोली कि तुम झूठा ही तीन चार लोगों का नाम पुलिस थाने में बता देना तो उसने एवं उसकी पत्नी माया बाई चौधरी ने इस तरह झूठी गवाही देने से मना कर दिये थे तभी से कली बाई चौधरी ने बातचीत करना बंद कर दी थी। शाम करीब 07:20 बजे वह काम करके वापस घर आया तो देखा कि घर के पीछे हिस्से में कली बाई चौधरी ने बाड़ी लगा दी तब उसने एवं पत्नी माया बाई ने कली बाई चौधरी से बोले कि तुम हमारी जगह मे बाड़ी क्यो लगाई हो तो लाठी से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी। पत्नी ने बीच बचाव की तो कली बाई ने पत्नी के साथ भी मारपीट की।

जक्शन ढाबा में परोसी जा रही थी शराब

पुलिस की रेड : ग्राहकों में मची भगदड़

जबलपुर। तिलवारा स्थित जक्शन ढाबा में ग्राहकों को शराब परोसे जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर दी। पुलिस की रेड से ग्राहकों में भगदड़ मच गई। मौके से पुलिस ने शराब का जखीरा जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया है ।

पुलिस के मुताबिक जक्शन ढाबा तिलवारा में अवैध रुप से ग्राहकों को शराब बेचकर ढाबा में शराब पिलाई जाने की सूचना मिली। सूचना पर दबिश दी गई। ढाबा संचालक प्रियांश जैन पिता भागचंद जैन 29 वर्ष निवासी शक्ति नगर मदन महल जबलपुर के द्वारा ग्राहकों को ढाबा में बैठाकर शराब पिलाता मिला। ग्राहक पुलिस को देख वहां से भाग गये। जक्शन ढाबा की तलाशी लेने पर ढाबा के अंदर से कुल शराब 39.06 लीटर कीमती करीबन 23,000 रूपये की मिली जिसे जब्त करते हुए आरोपी प्रियांश जैन के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

फोटो खींचना धारा 509 के तहत अपराध नहीं

जबलपुर। हाईकोर्ट ने अपने अहम फैसले में कहा है कि फोटो खीचना के आरोप धारा 509 के तहत अपराध दर्ज करने आवश्यक तथ्य में नहीं आता है। हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी ने आवेदक अधिवक्ता के खिलाफ धारा 509 के तहत दर्ज अपराध को निरस्त करने के आदेश जारी किये है। अधिवक्ता सुभाष तिवारी ने थाना सोहागी जिला रीवा में उसके खिलाफ धारा 509 के तहत दर्ज अपराध को निरस्त करने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि वह अपने दोस्तो के साथ मार्केट में जूस पी रही थी। इस दौरान आवेदक अधिवक्ता ने उसकी फोटो खीच ली और और उसे बदनाम करने की धमकी दी। आवेदक की तरफ से तर्क दिया गया कि फोटो खींचने की घटना 31 मई 2024 की बताई गई है और एफआईआर पांच महीने बाद 17 अक्टूबर को दर्ज कराई गई है। इसके अलावा षिकायतकर्ता महिला के दादा के प्रकरण में विपक्षी पक्ष के तरफ से याचिकाकर्ता पैरवी कर रहे है। आवेदक के विरुद्ध पेशेगत शत्रुता एवं व्यक्तिगत प्रतिशोध के कारण एफआईआर दर्ज करवाई गयी है।

सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

जबलपुर। हनुमानताल व पनागर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पनागर पुलिस ने बताया कि अज्जू झारिया 24 वर्ष निवासी ग्राम बरौदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुशनेर पुल के पास कार क्रमांक एमपी 21 सीए 8709 के चालक ने कृष्ण कुमार एवं संजय यादव की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कृष्ण कुमार एवं संजय यादव को चोट आ गई। कार चालक मौके से भाग गया। इसी तरह हनुमानताल थाने में कार्तिक रजक 23 वर्ष निवासी मालगुजार परिसर न्यू नर्मदा नगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ठक्कर ग्राम पुराना पुल के पास कचरा उठाने वाली गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेड एम 8257 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह एवं अमन उर्फ दुर्गेश एवं शुभम कोष्टा को चोटें आयीं है। इसी प्रकार लक्खू चक्रवर्ती 55 वर्ष निवासी सिंधी केम्प भानतलैया हनुमानताल ने बताया कि आटो क्रमांक एमपी 20 एल ए 2110 के चालक ने उसे टक्कर मार दिया, जिससे उसके पैर, कमर, सीना में चोट आई है।

मुख्य स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के नवपदस्थापित प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद रजक द्वारा जबलपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशन जबलपुर का प्रथम आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्री रजक ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री आवागमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, टिकटिंग सुविधाओं के अंतर्गत आरक्षण एवं बुकिंग कार्यालयों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों को अधिकाधिक डिजिटल माध्यमों से टिकट बुकिंग एवं भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए, जिससे पारदर्शिता बढ़े एवं यात्रियों को त्वरित सुविधा प्राप्त हो सके। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके कार्य में आने वाली व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

अभियान वायु गुणवत्ता में सुधार लाने ननि की अनूठी पहल, हजारों छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

स्कूलों और कॉलेजों में गूंजा शुद्ध वायु का संकल्प

जबलपुर। वायु गुणवत्ता में सुधार लाने नगर निगम ने अनूठी पहल की जिसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में शुद्ध वायु का संकल्प गूंजा। दरअसल महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावी पीढ़ी को सजग बनाने के लिए नगर निगम द्वारा एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में हजारों छात्र-छात्राओं को पर्यावरण प्रहरी के रूप में तैयार किया जा रहा है। अभियान

के दौरान अब तक हजारों विद्यार्थियों ने भागीदारी की है। निगम के अधिकारियों और पर्यावरण विशेषज्ञों ने छात्रों को वायु प्रदूषण के कारणों और उसे कम करने के व्यावहारिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना है कि छोटे-छोटे प्रयासों, जैसे - पौधारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और कचरा न जलाने से - कैसे बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

क्विज प्रतियोगिता: ज्ञान के साथ सम्मान भी

जागरूकता को रोचक बनाने के लिए निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार उपायों पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल और कॉलेज से 5 सबसे मेधावी बच्चों का चयन किया गया है जिन्होंने प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े तकनीकी और सामान्य सवालों के सटीक जवाब दिए। इन विजेता छात्रों को नगर निगम द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत किया जा रहा है, ताकि अन्य विद्यार्थी भी इससे प्रेरित हों।

प्राचार्यों का भी बढ़ा मान

नगर निगम ने इस अभियान की सफलता में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को भी रेखांकित किया है। निगम प्रशासन की ओर से उन सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने इस अभियान में सक्रिय सहयोग दिया।

12 हजार से अधिक आवेदनों का हुआ निराकरण

नवभारत,जबलपुर। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के पहले चरण में अब तक 18,870 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 12,334 का निराकरण किया गया। स्वीकृत आवेदनों की संख्या 12,290 और अस्वीकृत 44 है। अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर दल घर-घर जाकर आवेदन एकत्रित कर रहे हैं। सभी आवेदन सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज कर विभागों को भेजे जा रहे हैं।

कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में अधिकांश आवेदन नवीन विद्युत कनेक्शन, शिफ्टिंग, आहार अनुदान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, नल कनेक्शन, भवन निर्माण अनुमति, पीएम स्वनिधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित पाए गए।